जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

10 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान शुरू किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बागवानी विभाग ने दिनांक 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए *'एक पेड़ मां के नाम-प्लांट ए ट्री फॉर मदर'* अभियान के अंतर्गत आज वृक्षारोपण अभियान शुरू किया।

इस अभियान की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर के सीआईटी भवन के पीछे हरित क्षेत्र में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. शकील अहमद द्वारा वृक्षारोपण से हुई। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर, विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में पौधे लगाए । अभियान के पहले चरण में कुल 1500 पौधे लगाए जाएंगे जबकि अगले महीने दूसरे चरण में 1500 पौधे और लगाए जाएंगे। अभियान की देखरेख जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बागवानी विभाग के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण ने की। उन्होंने कहा कि जापान की मियावाकी प्लांटेशन तकनीक का पालन करते हुए पेड़ लगाए गए हैं क्योंकि यह तकनीक सीमित स्थानों पर घने शहरी वन स्थापित करने में सहायक है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की है। माननीय प्रधानमंत्री ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पेड़ लगाया और सभी लोगों से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने यह बताया कि पिछले दशक में भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं, जिसके कारण पूरे देश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान सतत विकास की दिशा में हमारी खोज के लिए बहुत अच्छा है ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया